






नवभारत 11
इंदौर, मंगलवार, 19 अगस्त, 2025


## एक नजर में

### पिपलिया जिनालय का शुद्धिकरण संपन्न



**पिपलियामण्डी।** आचार्य नवरत्नसागर सुरिश्वर मसा के आशीर्वाद एवं आचार्य विश्वरत्नसागर सुरिश्वर मसा की प्रेरणा से मालवा महासंघ व नवरत्न परिवार के आह्वान पर पिपलियामंडी स्थित श्री विमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में शुद्धिकरण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार एवं मंगल पाठ के बीच शुद्धिकरण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। शुद्धिकरण अभियान में संघ अध्यक्ष विरेंद्र कुमार राणावत, उपाध्यक्ष अनिल राज जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण सांखला, महिला मंडल सदस्य नीतू कुमठ, नवरत्न बहु मंडल से मिनाक्षी डोसी, नवरत्न परिवार अध्यक्ष अनिल आंचलिया सहित संदीप जैन, दिपेश जैन, नितेश परमार, संदीप परमार, अर्पित दख, आशीष दख, आयुष जैन, पियूष राकेचा, तन्मय कुमठ, वर्चस्व यति, ऋषभ जैन, दक्ष सकलेचा, प्रभात भंडारी, विदित राणावत आदि सदस्यों ने शुद्धिकरण कार्य में सहभागिता निभाई। अखिल भारतीय युवक महासंघ इकाई अध्यक्ष तन्मय कुमठ ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा भी फहराया। उक्त जानकारी नवरत्न परिवार कोषाध्यक्ष संदीप जैन (नाकोड़ा) ने दी।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, नरसिंह मंदिर में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**पिपलियामण्डी।** नगर में जन्माष्टमी पर्व इस बार उल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। नरसिंह मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पंडित शम्भूदयाल शर्मा ने बताया कि प्रात:काल ठाकुरजी का दुग्धाभिषेक, दही, शहद और घी से विधिवत किया । इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य श्रृंगार कर उन्हें पीताम्बर धारण कराया गया और मोरपंख मुकुट से अलंकृत किया गया। शाम को राधा कृष्ण ग्रुप की महिलाओं सहित अन्य महिला मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। नन्द के घर आनंद भयो... और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की... जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। यह भजन संध्या रात 8 बजे से मध्यरात्रि तक चली, जिसमें नगर की बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे। जैसे ही घड़ी ने बारह बजाए, मंदिर परिसर 卐जय कन्हैयालाल की卐 के जयघोष से गूंज उठा। वेद मंत्रों और शंख-घंटियों की ध्वनि के बीच श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। ठाकुर जी की महाआरती संपन्न हुई और श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए। जन्मोत्सव के बाद श्रद्धालुओं को माखन-मिश्री, पंचामृत और पंजरी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भक्तों ने रातभर भगवान श्रीकृष्ण के भजनों का आनंद लिया।





## नशे के विरुद्ध भानपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**भानपुरा। मंदसौर पुलिस ने नशामुक्ति अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए एक कंटेनर से 1211 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ, कंटेनर, 35 खाली ड्रम व 2 मोबाइल फोन सहित कुल 50 लाख रुपये की कीमत का माल जप्त किया गया। इस मामले में पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

> सराहनीय योगदान - इस कार्रवाई में निरीक्षक आर.सी. दांगी, उपनिरीक्षक जोरसिंह डामोर, सहायक उपनिरीक्षक मेघराज आर्य, आरक्षक राकेश अभित, नेमाराम जाट, बनवारी, धनराज गुर्जर तथा चालक लक्ष्मण सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमती हेमलता कुरील व एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने 16 अगस्त को 8 लेन सुपर एक्सप्रेस वे पर वाहन चेकिंग के दौरान कंटेनर क्रमांक ॥क्र38 1448 को रोककर तलाशी ली। कंटेनर में गुप्त रूप से बनाए गए हिस्से से कुल 60 कट्टों में भरा 1211 किलो 210 ग्राम डोडाचूरा मिला। गिरफ्तार आरोपी रणजीत सिंह (45 वर्ष) व सन्नी (36 वर्ष), दोनों निवासी जिला जालंधर, पंजाब बताए गए हैं। मुख्य आरोपी रणजीत सिंह पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट, चोरी एवं एक्सीडेंट के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने प्रकरण में धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। जब्त मादक पदार्थ के स्त्रोत और खपत की जानकारी हेतु आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## भानपुरा गांधी सागर रोड पर हुआ हादसा - आधे घंटे तक नहीं पहुँची एंबुलेंस

**भानपुरा। गांधी सागर स्टेट हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे की सूचना के बाद भी 108 एंबुलेंस आधे घंटे तक मौके पर नहीं पहुँची, जिससे घायलों को थाना प्रभारी की मदद से पिकअप वाहन व 100 डायल से सिविल अस्पताल भानपुरा पहुँचाया गया।**

जानकारी के अनुसार कैलाशपुर, पीपल्दा निवासी अमरलाल पिता कजोड़, गोकुल पिता शंकर, मुकेश पिता अमृतराम तथा उन्डवा (राजस्थान) निवासी राजू अपने चार पहिया वाहन से जा रहे थे। स्टेट हाईवे की गड्ढों से भरी सड़क पर वाहन का संतुलन बिगड़ने से कार खाई में गिर गई। हादसे में सभी चारों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें आंखों व हड्डियों पर गंभीर प्रभाव पड़ा ।घायलों को स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल पहुँचाया, किंतु इमरजेंसी में ड्यूटी पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे और करीब पाँच मिनट बाद पहुँचे। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर रेफर किया गया ।इस घटना ने एक बार फिर 108 एंबुलेंस सेवा की लापरवाही को उजागर किया है। इस विषय में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. गौरव देराश्री ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार कर मंदसौर भेजा गया है।



## खादी ग्रामोद्योग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में स्वदेशी उत्पाद खरीदें : दीक्षित

▸ ग्रामोद्योग बोर्ड कंबल केंद्र पर स्वतंत्रता दिवस मनाया

**मंदसौर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंदसौर जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कंबल केंद्र पर भारती जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया जिसमें पंडित पियुष गर्ग शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा मंगलाचरण किया तत् पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया।** जिसके बाद मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया जिसमें स्व सहायता समूह द्वारा हस्त निर्मित वस्तुएं एवं खादी ग्रामोद्योग उत्पाद विंध्या वेली उत्पाद साबुन, सरसों का तेल, मेहंदी, कबीरा खादी मार्क राष्ट्रीय ध्वज एवम् महाराणा स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित नेचुरल शरबत आंवला, केसर बादाम, ठंडाई, अन्य समूह द्वारा निर्मित उत्पाद व ग़ोबर से बनी भगवान श्री गणेश की मूर्ति आकर्षण का केंद रही। जिसमें कंबल केंद्र जिला संयोजक दिनेश रैकवार, श्याम धनोतिया, मोहन, भाजपा नेता विजय अटवाल, राजू चावला, नरेंद्र पाटीदार, जीवन शर्मा, अंकित सोनी, हर्ष शर्मा, प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्थान से दिनेश सोलंकी, महाराणा स्व सहायता से अनीता मनीष गर्ग, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से एमएसडब्ल्यू छात्र पंडित सुयश गर्ग आदि थे।

**एक नजर** | अतिथियों ने टोकन लेकर स्वयं भी मटकी फोड़ने का प्रयास किया

## गरोठ में जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ आयोजन में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**गरोठ। नगर गरोठ में जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद चौक पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में भव्य मटकी फोड़ आयोजन किया गया।**



> विधायक सिसोदिया ने कहा कि गरोठ नगर धार्मिक आयोजनों के लिए पूरे जिले ही नहीं बल्कि प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं और समाज में उत्साह का संचार करते हैं।

आयोजन का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, मंडल अध्यक्ष गोकुलसिंह चौहान एवं अन्य अतिथियों ने नारियल फेंककर किया। अतिथियों ने टोकन लेकर स्वयं भी मटकी फोड़ने का प्रयास किया और नगरवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं।

इस पारंपरिक आयोजन में तीन मटकियाँ बीस फीट ऊँचाई पर बांधी गईं। प्रत्येक नारियल का टोकन मूल्य 30 रुपये रखा गया। दोपहर 12 बजे जैसे ही नारियल फेंककर मटकियाँ फोड़ी गईं, पूरे चौक में उल्लास और जयकारों की गूंज उठी।

आयोजन में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरुष वर्ग = प्रथम पुरस्कार ?11,000, द्वितीय ?7,100, तृतीय ?5,100।

महिला वर्ग = प्रथम पुरस्कार ?5,100, द्वितीय ?4,100, तृतीय ?3,100 ।कार्यक्रम में विधायक चंदसिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रणजीतसिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष गोकुलसिंह चौहान, राजेंद्र भलवारा, राहुल पाटीदार, शशि भाई उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



## ई चौपाल सागर हब पर झण्डा वंदन कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। ई चौपाल सागर हब मंदसौर पर स्वतंत्रता दिवस पर झण्डा वंदन किया गया।** सभी अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक की गरिमामय उपस्थिती मे राष्ट्र गान के साथ चेतन पाटीदार कृषि विस्तार अधिकारी, विजय सिंह एरिया मेनेजर भोपाल, भारतसिंह ने झण्डा वंदन किया जिसमे बच्चो के द्वारा राष्ट्र भक्ति के गीतो का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर हब इन्चार्ज अमित कांत शुक्ला, अजय भारती, सच्चिदानंद पाण्डेय, राजेश पाठक, ज्ञानचंद निमाडिया सहित अनेक उपस्थित ने 79वां स्वतन्तता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐ देते हुए हर्षोल्लास से मनाकर मिठाई वितरण किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### एथलेटिक्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 30 व 31 अगस्त 2025 को जबलपुर में

**नीमच।** एथलेटिक्स एसोसिएशन के खिलाड़ी जिन्होने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया की युजर आईडी बना ली है और वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो कि 30 व 31 अगस्त 2025 को जबलपुर में आयोजित होगी। वे उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकतें है प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 16 वर्ष, 18 वर्ष, 20 वर्ष एवं 23 वर्ष आयु समूह के खिलाड़ी बालक-बालिकाए सम्मिलित हो सकते है। खिलाड़ियों को अपने स्वयं के व्यय पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होना चाहते है अपना नाम जिला सचिव एथलेटिक्स एसोसियेशन नीमच को 22 अगस्त 2025 तक को लिखवा दे। और उनका ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निर्धारित फीस के साथ 25 अगस्त 2025 तक करवाया जा सकें। विस्तृत जानकारी के लिये जिला सचिव खान मोइनउद्दीन से संपर्क करें।

### इनरव्हील की डिस्ट्रिक रैली संपन्न




**नीमच।** सेवा के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था इनरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक 304 की रैली का आयोजन झाबुआ शक्ति द्वारा किया गया। इस रैली में 48 क्लबों द्वारा भाग लिया गया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने बताया कि डिस्ट्रिक 304 की रैली के संयोजन के दायित्व का निर्वाह नीमच क्लब की पी.डी.सी. संगीता जोशी को प्रदान किया उन्होंने अपने उद्बोधन में झाबुआ शक्ति क्लब को बधाई दी और कहा रैली का उद्देश्य सभी क्लब के सदस्यों के बीच तालमेल बैठाना एवं समाजसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक चेयरमैन विभा सिंह एवं सचिव स्मिता बियानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर नीमच क्लब की ओर से अध्यक्ष अमरजीत कौर छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष सरोज गांधी, तृप्ति दुआ, रजिया अहमद एवं सिम्मी सलूजा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर ग्रुप डान्स, एकल नृत्य, कामेडी कार्यक्रम मोटे अनाज की प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नीमच क्लब की ओर से मणीपुरी नृत्य कर रजिया अहमद ने द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त कर क्लब की शोभा बढ़ाई। क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

### रेडक्रास साधारण सभा की बैठक 25 को

**नीमच।** रेडक्रास नीमच के सहायक प्रशासक एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक ने बताया, कि 25 अगस्त 2025 को प्रात:11 बजे रेडक्रास भवन नीमच में रेडक्रास की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रबंध समिति का गठन तथा राज्य शाखा हेतु प्रतिनिधि के निर्वाचन की कार्यवाही की जावेगी। उन्होने अंतिम सूची में शामिल आजीवन सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया हैं।

## पत्रकार में वो ताकत है जो किसी को हीरो तो किसी को जीरो बना सकता हैं : आचार्य विश्वरतन सागर

▸ मालवा महासंघ पत्रकार प्रकोष्ठ का शपथ विधि समारोह संपन्न



**नीमच। मालवा महासंघ जैन प्रकोष्ठ का शपथ विधि समारोह नवरत्न कृपा पात्र गुरुदेव श्री विश्वरतन सागरजी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम दो सत्रो में संपन्न हुआ। पहले सत्र में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला संयोजक का शपथ विधि समारोह संपन्न हुआ।** दूसरे सत्र में पूरे प्रदेश से आए पत्रकारों को अपनी बात रखने का अवसर मिला। इस अवसर गुरुदेव श्री विश्वरतन सागर जी महाराज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बरसो से मेरे मन में एक भाव था कि मालवा के जैन पत्रकारों को एक जाजम पर एकत्रित कर उनसे चर्चा कर जैन समाज व धर्म के बारे में चर्चा कर उनके सुझाव प्राप्त किए। । आज इतनी बड़ी संख्या में जैन पत्रकारों को देखकर मेरे मन में खुशी हैं गुरुदेव ने आगे बताया कि पत्रकार कलम के डॉक्टर होते हैं और वह किसी को हीरो तो किसी को हीरो से जीरो बना सकते हैं। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता और मोबाइल एप्स का युग चल रहा हैं फिर भी प्रिंट मीडिया का वजूद आज भी कायम हैं।

> पत्रकार प्रकोष्ठ गठन के पश्चात आचार्यश्री और मालवा महासंघ के पदाधिकारी ने सर्वसम्मति से श्रीदीपक जी दुग्गड (इंदौर) को प्रदेश का संयोजक नियुक्त किया। दीपक जी दुग्गड ने आचार्यश्री और मालवा महासंघ के पदाधिकारी की सहमति से संपूर्ण मध्य प्रदेश की कार्यकारणी गठित करी, जिसमे प्रदेश पदाधिकारी और 12 जिले के संयोजक की नियुक्ति की गई एवं प्रदेश के 525 जैन पत्रकार को सदस्य के रूप में जोड़ा गया। प्रकोष्ठ के गठन के पश्चात आचार्य श्री ने संपूर्ण मध्य प्रदेश के जैन पत्रकार का विशाल महासम्मेलन की भावना व्यक्त की गई थी। जिसके फल स्वरूप ही 18 अगस्त 2025 सोमवार को नरसिंह वाटिका एरोड्रम रोड इंदौर पर जैन पत्रकार का विशाल महासम्मेलन किया गया।

स्वागत भाषण प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड ने दिया और कार्यक्रम का संचालन महावीर जैन ने किया।

### साइबर धोखाधड़ी पर सेमिनार का आयोजन

**सुवाखेड़ा। ज्ञानोदय इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर धोखाधड़ी विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेबी के प्रतिनिधि एवं आईसीएसआई जोधपुर चैप्टर के चेयरमैन आदरणीय श्री मुकेश जी बंसल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे** ।बंसल पिछले 40 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। उन्होंने लायंस क्लब, आर्मी, बीएसएफ एवं पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सहित अनेक मंचों पर अपने सारगर्भित व्याख्यान दिए हैं। बंसल ने अपने संबोधन में वित्तीय साक्षरता, साइबर धोखाधड़ी से बचाव, निवेश के विभिन्न साधन, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड तथा सुरक्षित निवेश विकल्पों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को सही निवेश करने की तकनीक समझाई और साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने के उपाय बताए। श्री बंसल ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि युवा पीढ़ी यदि शुरुआत से ही सही निवेश की आदत डाले, ।



## देवरी खवासा में विकसित किया जा रहा है नवीन औद्योगिक क्षेत्र : कलेक्टर

**नीमच। जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकास के प्रस्ताव पर चर्चा के लिए उद्योग विभाग द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में उद्योग संघ, मण्डी व्यापारियों, जिले के उद्योगपतियों, लघु उद्योग भारती संघ के पदाधिकारियों और जिला अधिकारियों की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, महाप्रबंधक उद्योग श्र योगिता भटनागर, श्री अशोक कोठारी, नंदकिशोर पाटीदार, नवल मित्तल, रमेश कदम, प्रवीण सिंहल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे ।बैठक में महाप्रबंधक उद्योग भटनागर ने बताया, कि सगराना में 28 हेक्टेयर में फर्नीचर क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। इसमें 150 ईकाईयाँ स्थापित होगी। इनमें चार हजार लोगो का रोजगार सृजन होने की संभावना है।

**एक नजर** | इसी दिन 46 वर्ष पूर्व जैन सोश्यल ग्रुप की स्थापना की गई थी

## जे एस जी नीमच झोन द्वारा फेडरेशन डे सेलिब्रेशन पर ध्वजारोहण

**नीमच।** जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के लिए 17 अगस्त का दिन बहुत खास है क्योंकि इसी दिन आज से 46 वर्ष पूर्व जैन सोश्यल ग्रुप की स्थापना की गई थी। इसी तारतम्य में जैन सोश्यल ग्रुप नीमच झोन कॉर्डिनेटर श्री सुशीलजी चौधरी द्वारा नवसृजन फेडरेशन डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम 17 अगस्त 25 को एम पी रीजन अध्यक्ष श्री राहुलजी चपड़ोद के निर्देशानुसार बहुत ही उत्साह उमंग जोश के साथ जे एस जी नीमच झोन के सभी ग्रुप जे एस जी नीमच मेन, ग्रेटर, यूनिक, संस्कार, उड़ान, आगम, क्लासिक, उमंग व संगिनी



नीमच मेन, ग्रेटर, उड़ान के सभी अध्यक्ष व पदाधिकारियों की शानदार गरिमामयी उपस्थिति में नाकोड़ा धाम नीमच पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम नाकोड़ा पार्श्वनाथ व श्री नाकोड़ा भेरू जी की आरती सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में लाभार्थी श्री सुशीलजी रेणुजी चौधरी परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के 46 वें फेडरेशन डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम की शुरुआत फेडरेशन के डांस एवं टेलेंट शो कमेटी चेयरमेन श्री प्रकाशजी चौरड़िया एम पी रीजन उपाध्यक्ष श्री दिलीप जी डूंगरवाल एम पी रीजन संगिनी कन्वीनर श्रीमति कीर्तिजी मोड़ी संगिनी एम पी रीजन की पूर्व कन्वीनर श्रीमति संगीताजी जारोली एवं सभी ग्रुपों व संगिनी के अध्यक्ष को मंचासिन कराकर की व सभी का स्वागत कार्यक्रम आयोजक द्वारा किया गया । इसके बाद नीमच झोन के सभी जैन सोश्यल ग्रुप व संगिनी के अध्यक्ष की उपस्थिति में फेडरेशन ध्वजारोहण श्री सुशीलजी चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी मंचासिन अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में फेडरेशन डे पर नीमच झोन के इस सामूहिक कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी।




## सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र नीमच में बड़े धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

**नीमच। ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, नीमच के तत्वावधान में सीआरपीएफ परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में शनिवार रात्रि को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को लेकर मंदिर में कान्हा जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया तथा मंदिर में विशेष साज सज्जा के साथ आकर्षक विधुत लाइट भी लगाई गई। सायंकाल से मध्य रात्रि तक कैम्पवासियों के साथ-साथ नीमच शहर के स्थानीय लोगों का मंदिर में भारी हुजूम रहा और बहुत ही हर्षोल्लासपूर्वक भक्ति-विभोर होकर भजन, कीर्तन और श्रद्धा का अदभुत नजारा देखने को मिला। धार्मिक रीति रिवाज एवं परम्परा के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्म के समय उनके शिशु रूप को पालकी में झूला झूलाने की परंपरागत रस्म पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ निभाई गई।